RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

# दिगम्बर जैन परम्परा के महान संत आचार्य विद्यासागरजी का समाधिपूर्वक दिव्य प्रयाण

## ■ कर्नाटक के बेलगावी में हुआ था संतश्री का जन्म ■ आचार्यश्री का मूलमंत्र था 'इंडिया छोड़ो-भारत बोलो'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

डोंगरगढ़। दिगम्बर जैन परम्परा के सर्वमान्य व सर्वोच्च संत शिरोमणि आचार्यश्रीविद्यासागर महाराज ने 77 वर्ष की आयु में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में दिगंबर जैन तीर्थ चंद्रगिरि में स्वास्थ्य की असाध्य प्रतिकूलता के कारण तीन दिन के उपवासपूर्वक 18 फरवरी की मध्यरात्रि में 2:35 पर समाधिपूर्वक नश्वरदेह को त्याग दिया। रविवार को गुरुश्री का डोला चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ से निकाला गया। सल्लेखना के अंतिम समय आरके मार्बल किशनगढ के श्रावक अशोक पाटनी,राजा भाई सूरत, प्रभात मुम्बई, अतुल शाह पुणे, विनोद बडजात्या रायपुर, किशोर जैन डोंगरगढ आदि उपस्थित रहे।

डॉ. महेन्द्रकुमार जैन मनुज ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि आचार्यश्री विद्यासागर जी की साधना अद्वितीय थी। अखण्ड बालब्रह्मचर्य के धारक, निःस्पृही, महातपस्वी संत आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का जन्म कर्नाटक के बेलगावी जिले में 10 अक्टूबर वर्ष1946 को हुआ था। संसार,शरीर और भोगों से उन्हें पूर्व जन्म के सस्कारों के कारण स्वाभाविक विरक्ति थी। बाईस वर्ष की युवावय में आपने 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर की पुण्यभूमि पर गुरुवर्य आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज से दिगम्बर दीक्षा ग्रहण की थी। उनकी प्रज्ञा असाधारण थी। वे कन्नड़,मराठी, हिन्दी, अंग्रेजी,प्राकृत और संस्कृत आदि अनेक भाषाओं के विशिष्ट ज्ञाता थे। उनकी लोकोपकारी अप्रतिम काव्यदृष्टि से संस्कृत के अनेक काव्यों के साथ-साथ हिन्दी भाषा में मूकमाटी जैसे महाकाव्य का सृजन हुआ है। उनके सरल हृदय और उत्कृष्ट तप से आकृष्ट होकर हजारों युवक युवतियों ने विषयभोगों को त्यागकर साधना का पथ स्वीकार कर लिया है। उनकी अहिंसा और करुणा की परिधि में मनुष्यों के साथ-साथ पशु पक्षी आदि सभी समानरूप से समाहित थे। उनकी प्रेरणा से हजारों गौशालाएं, चिकित्सालय एवं विद्यालय समाज के द्वारा संचालित हो रहे हैं । आपने राष्ट्र के स्वावलंबन हेतु स्वदेशी और स्वरोजगार का मूलमंत्र देश के युवाओं को प्रदान किया था। उनकी इसी प्रेरणा से देश में हजारों श्रमदान हथकरघा केन्द्र' संचालित हैं ।



आचार्य विद्यासागर जी महाराज की डोल यात्रा का दृश्य

शिक्षापद्धति में वे हिन्दी माध्यम के विशेष पक्षधर थे। नारी शिक्षा और संस्कारों के लिए आपकी प्रेरणा से वर्तमान में संचालित प्रतिभास्थलीष् शिक्षण संस्थायें परम्परा और आधुनिक शिक्षण संस्थाओं की समन्विति का एक आदर्श प्रतिरूप हैं। नई शिक्षा नीति 2020 का निर्धारण करने वाली समिति के अध्यक्ष डॉ. कस्तूरीरंगन ने आपके निकट जाकर शिक्षा नीति निर्धारण हेतु विशेष मार्गदर्शन प्राप्त किया था। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद , प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदि अनेक गणमान्य राजनेता उनके चरणों में पहुँचकर राष्ट्र के लिए मार्गदर्शन प्राप्त करते थे । आचार्यश्री का मूलमंत्र था 'इंडिया छोड़ो भारत बोलो'। उनका संदेश था कि भारत की प्रचीन संस्कृति, शिक्षा और परम्पराओं पर हमें गौरव करना चाहिए और उनका अनुकरण करना चाहिए। वे स्वदेशी आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रबल समर्थक थे । उनके आशीर्वाद से जन-जन के आरोग्य हेतु पूर्णायु आयुर्वेद चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ की स्थापना भी जबलपुर म.प्र. में हुई है ।

आचार्यश्री विद्यासागर महाराज की अनन्त गुणराशि की शब्दाभिव्यक्ति असंभव है। उनका वियोग राष्ट्र की ही नहीं सम्पूर्ण विश्व की अपूरणीय क्षति है। वे प्राणीमात्र के शुभचिंतक थे। उनके वियोग से सभी प्रणीमित्र का हृदय विकल है। अब उनका उपदेश और आदर्श ही हमारे जीवन का अवलंबन है ।

जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) नॉर्थ द्वारा 'नरिश टू फ्लोरश-दि आर्ट ऑफ इंवेस्टिंग इन यूआरसेल्फ' विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीतो के चेयरमैन इन्दरचन्द बोहरा व उपचेयरमैन सुभाष खिंवेसरा ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया।



# व्यापार विकास के लिए जीतो नार्थ ने आयोजित किया कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) नॉर्थ द्वारा 'नरिश टू फ्लोरिश-दि आर्ट ऑफ इंवेस्टिंग इन यूआरसेल्फ' विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीतो के चेयरमैन इन्दरचन्द बोहरा व उपचेयरमैन सुभाष खिंवेसरा ने सभी उपस्थित जनों का स्वागत किया। महामंत्री सुधीर गादिया ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम के संयोजक कमल पुनमिया व सहसंयोजक नितिन कटारिया ने जयचन्द बाफना के साथ मिलकर कार्यक्रम का संयोजन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित हैदराबाद के मोटिवेशनल स्पीकर सुनीलकुमार ने कहा कि व्यापार विकास व स्वयं के व्यक्तित्व को निखारने के तरीके बताए। उन्होंने आज के इस युग में व्यापार को सफल बनाने के लिए उपयोग आने वाली तकनीकों की जानकारी दी। आडियो वीडियो प्रजेन्टेशन के माध्यम से अपने विषय की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में केके भंसाली, संजय धारीवाल, सज्ञनराज मेहता, कैलाश सकलेचा, ललित बडोला आदि ने अपने विचार रखे। नितिन कटारिया ने धन्यवाद दिया।



फाइल फोटो

# आचार्य विद्यासागर के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जाने-माने जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। तीर्थ की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि 'सल्लेखना' एक जैन धार्मिक प्रथा है जिसमें आध्यात्मिक शुद्धि के लिए स्वैच्छिक आमरण उपवास किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे।'' उन्होंने कहा, ''यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनसे हुई भेंट मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगी। तब आचार्य जी से मुझे भरपूर स्नेह और आशीष प्राप्त हुआ था। समाज के लिए उनका अप्रतिम योगदान देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।''



# भाषा साहित्य मंच की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के 'भाषा साहित्य मंच' की 'सामाजिक प्रथाएं और हम' विषय पर फरवरी माह की ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मंच की संस्थापिका डॉ उषा श्रीवास्तव ने स्वागत की। सह संयोजिका डॉ वत्सला किरण ने गोष्ठी की अध्यक्षता की। मनीषा शर्मा ने सरस्वती वंदना की। केरल की सामाजिक प्रथाओं के बारे में डॉ वत्सला किरण ने विस्तार से बताया।

डॉ उषा श्रीवास्तव ने मार्मिक लघुकथा सुनायी। गोष्ठी में सुदेशवत्स आलेख, भगवती सक्सेना, नंदिनी माथुर, ज्योति तिवारी, सरिता श्रीवास्तव, संतोष भाऊवाला, सुषमा कुलश्रेष्ठ, त्रिशला मिश्र, डॉ संध्या जवली, शालिनी गर्ग, शिल्पी भटनागर, शकुंतला श्रीवास्तव, गीता चौबे ने अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। संचालन भगवती सक्सेना और नंदिनी माथुर द्वारा किया गया। सरिता श्रीवास्तव ने धन्यवाद दिया।



# तेरापंथ भवन यशवंतपुर में 'एक कदम मोक्ष की ओर ज्ञानाचार' विषय कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार 'वीतरागत पथ' कार्यशाला के पंचदिवसीय कार्यशाला के पहले दिन 'एक कदम मोक्ष की ओर ज्ञानाचार' विषयक कार्यशाला का आयोजन तेरापंथ भवन में साध्वीश्री लावण्यश्री के सान्निध्य में आयोजित की गई। सर्वप्रथम साध्वीश्री सिद्धांतश्रीजी ने ज्ञानार्जन के बारे में जानकारी की। साध्वीश्री लावण्याश्रीजी ने ज्ञान और ज्ञानार्जन के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए तत्वज्ञान से भी अवगत कराया। महिला मंडल यशवंतपुर द्वारा गीतिका की प्रस्तुति रही। तेरापंथ सभा यशवंतपुर के अध्यक्ष गौतम मुथा, तेयुप अध्यक्ष जिगर मारू, महिला मंडल की उपाध्यक्ष रेखा पितलिया और गांधीनगर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बाबेल ने अपने विचार व्यक्त किए।

एक अन्य कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद के सदस्यों ने शनिवार को साध्वीश्री लावण्यश्रीजी के सान्निध्य में 'मैं हूँ सामायिक साधक' के अंतर्गत सामायिक का आयोजन किया, जिसमें युवा वर्ग ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

# तेलंगाना विधानसभा में अनुपस्थिति के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने क्षतिग्रस्त मेडीगड्डा बैराज के दौरे को लेकर राज्य सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव की टिप्पणियों पर बुधवार को आपत्ति जताई। रेड्डी ने तेलंगाना विधानसभा के जारी सत्र में अनुपस्थित रहने और सदन में सिंचाई के महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा में भाग नहीं लेने के बजाए नलगोंडा में बीआरएस की एक सभा में शामिल होने के लिए विपक्ष के नेता की आलोचना भी की। तेलंगाना विधानसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने नलगोंडा में एक जनसभा के दौरान मंगलवार को राव द्वारा की गई टिप्पणियों पर आपत्ति जताई। राव ने सभा के दौरान कथित तौर पर यह पूछा था कि मुख्यमंत्री और



अन्य लोगों ने मेडीगड्डा बैराज का दौरा क्यों किया?

राव ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पर कृष्णा नदी की परियोजनाओं को केंद्र द्वारा गठित कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड को 'सौंपने' के साथ-साथ राज्य के किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया था। राष्ट्रीय बांध सुरक्षा प्राधिकरण (एनडीएसए) ने पिछले वर्ष नवंबर में पाया था कि मेडीगड्डा बैराज गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है और जब तक कि इसे पुनर्निर्मित नहीं किया जाता तब तक यह बेकार है। रेड्डी ने कहा कि अगर मुख्य विपक्षी दल बीआरएस को किसानों की चिंता है या फिर उनकी समस्या के समाधान में दिलचस्पी है तो उन्हें मंगलवार को मेडीगड्डा बैराज के सरकार के दौरे में शामिल होना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने पूछा, 'मेडीगड्डा बैराज के क्षतिग्रस्त होने के बाद भी क्या अब इसमें पानी भरा जा सकता है?' मेडीगड्डा बैराज विशाल कालेश्वरम परियोजना का हिस्सा है। रेड्डी ने राव पर निशाना साधते हुए कहा कि कालेश्वरम पर खर्च किए गए 94 हजार करोड़ रुपये 'बर्बाद' हो जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री लोगों को मुंह दिखाने में असमर्थ हैं क्योंकि बैराज को हुए नुकसान के कारण उसे पानी से नहीं भरा जा सकता। राव पर लोगों की भावनाओं का फायदा उठाकर बैराज को हुए नुकसान पर जवाबदेही से बचने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए रेड्डी ने कहा कि जनता ने पहले ही बीआरएस को सरकार से बाहर कर अपना फैसला सुना दिया है।



# यशवंतपुर महिलाओं ने आयोजित की 'नाजुक सा रिश्ता ननद-भाभी' विषयक कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर के तत्वावधान में रिलेशनशिप स्किल के अंतर्गत 'नाजुक सा रिश्ता ननद भाभी का' विषयक कार्यशाला का आयोजन साध्वीश्री लावण्यश्रीजी के सान्निध्य में गौतममुथा के निवास पर आयोजित हुई। मंत्री लाड़ली मुथा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि ननद भाभी के रिश्ते की डोर बहुत नाजुक होती है जहां एक तरफ प्यार और दूसरी तरफ तकरार भी होती है। साध्वी लावण्यश्रीजी ने कहा कि हम अपने व्यवहार एवं सोच में परिवर्तन कर ननद भाभी के रिश्तों में होने वाली दूरियों को मिटा सकते हैं और इस रिश्ते की वजह से परिवार में मजबूती आती है। साध्वी श्री सिद्धांत श्री जी ने एक गेम के माध्यम से इस रिश्ते की मजबूती के बारे में बताया। सहमंत्री प्रीति गादिया ने सभी को धन्यवाद दिया।


# धार्मिक बाल संस्कार पाठशाला में बच्चों को दी जैन धर्म की जानकारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बेंगलूरु सेंट्रल के तत्वावधान में रविवार को जैन कॉलेज में धार्मिक बाल संस्कार पाठशाला का आयोजन किया गया जिसमें 80 से अधिक बालक बालिकाओं ने उपस्थित रहकर जैन धर्म दर्शन, इतिहास, सूत्र, तत्वज्ञान के साथ संस्कार निर्माण की शिक्षा प्राप्त की। इस अवसर पर संघ एवं नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भी सामूहिक वर्धमान सामायिक साधना एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यापन व्यवस्था में संजयकुमार कचोलिया, प्रेमचंद्र चंद्रावत आदि ने सेवाएं प्रदान की। नवयुवक मंडल अध्यक्ष प्रदीप धोका, अनिल ओस्तवाल, गौरव लुंकड़, विकास मुणोत आदि युवा मंडल के साथियों ने व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

# सुपरस्टार विजय की नई राजनीतिक पार्टी आज पदाधिकारियों की बैठक करेगी आयोजित

चेन्नई। तमिल सुपर स्टार विजय ने 2 फरवरी 2024 को अपनी राजनीतिक पार्टी तमिझागा वेत्री कजगम (टीवीके) लॉन्च की थी। विजय का कहना है कि उनका लक्ष्य 2026 का विधानसभा चुनाव है। आगामी आम चुनाव में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है। विजय के दफ्तर से एक प्रेस



बयान जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि टीवीके 19 फरवरी 2024 (सोमवार) को सुबह 9 बजे पनियूर में पार्टी मुख्यालय में अपने पदाधिकारियों की बैठक आयोजित करेगी। बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी और प्रदेश पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। बैठक में 2024 के आम चुनाव को लेकर फैसलों की घोषणा की जाएगी। गौरतलब है कि आईएएनएस ने पहले खबर दी थी कि विजय आम चुनाव में भाजपा की ओर मदद का हाथ बढ़ा सकते हैं। हालांकि, विजय और उनके पदाधिकारी चुनावों में भाजपा को दिए जाने वाले संभावित समर्थन से सहमत नहीं हैं।

तमिलनाडु में दो पूर्व मुख्यमंत्री एम.जी. रामचंद्रन (एमजीआर) और जे. जयललिता तमिल दुनिया के सुपरस्टार थे। डीएमके नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मुथुवेल करुणानिधि तमिल फिल्म उद्योग के अग्रणी स्क्रिप्ट राइटरों में से एक थे। इससे पता चलता है कि तमिल फिल्म उद्योग और राज्य की द्रविड़ राजनीति आपस में जुड़ी हुई है।

## मुलाकात



वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को केरल के वायनाड में हाथी के हमले में मारे गए वन चौकीदार अजीश के परिवार से मुलाकात करते हुए।



# पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत स्वयंसेवी संस्था ने बांटे कपड़े के थैले

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजय संभव फाउंडेशन ने केएस राजकीय मॉडल प्राइमरी स्कूल इमादहल्ली, व्हाइटफील्ड के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण परियोजना के तहत इको-फ्रेंडली कपड़े के थैलों का वितरण किया। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रवि राजहंस की अगुवाई में शुरु की गई इस परियोजना में स्कूली बच्चों को प्लास्टिक-मुक्त भविष्य के महत्व पर शिक्षित किया गया। इस मौके पर 30 जरुरतमंद बच्चों को संस्था की ओर से चश्में उपलब्ध कराए गए जिन्हें गत दिनों हुए नेत्र जांच शिविर में इसका आवश्यकता का पता चला था।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com